
दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# शिक्षा बोर्ड ने जारी की 10वीं-12वीं की आंसर-की

**सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह**

धर्मशाला,30 मार्च : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। बोर्ड के इस निर्णय से अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही अपने बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। इस त्वरित प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों का अवलोकन करने और अपने

## बोर्ड चेयरमैन डा. राजेश शर्मा बोले, उत्तरों पर आपत्ति है तो 5 अप्रैल तक तथ्यों सहित अपना दावा दर्ज करें छात्र



डॉ. राजेश शर्मा।

प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है, तो वे 5 अप्रैल 2026 तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने दावों के समर्थन में प्रमाणित तथ्य भी प्रस्तुत करने होंगे।

**इसके लिए बोर्ड ने दो विकल्प दिए हैं:** अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से या कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय के प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि ( 5 अप्रैल) के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रस्तुत की गई आपत्तियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी।

पंजाब केसरी
TUE,31 MARCH 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# बोर्ड ने जारी कीं 10वीं और 12वीं की उत्तर कुंजियां

## 5 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज करवाने का मौका

धर्मशाला, 30 मार्च (सुनील) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं।

बोर्ड के इस निर्णय से अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही अपने बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर अपने प्रदर्शन का आकलन कर सकेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है तो वे 05 अप्रैल तक ठोस प्रमाण के साथ अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

आपत्तियां दर्ज करने के लिए अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से या बोर्ड कार्यालय के प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर उत्तर कुंजियां देख सकते हैं या किसी भी अन्य जानकारी के लिए बोर्ड के हैल्पलाइन नंबर पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

> **परीक्षार्थियों** की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड की जा रही है। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों को देखने का अवसर देना है। यदि 5 अप्रैल तक किसी विषय की उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति नहीं मिलती है तो इसे ही अंतिम मानकर परीक्षा परिणाम तैयार किए जाएंगे।
>
> — **डॉ. राजेश शर्मा**, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Savera 31-03-2026

# 10वीं व जमा दो की उत्तरकुंजी जारी, पांच तक दें आपत्तियां

**संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तरकुंजी जारी कर दी है। अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर सकेंगे। शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तरकुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। इस त्वरित प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों का अवलोकन करने और अपने प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड की ओर से जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है तो वह पांच अप्रैल तक आपत्ति दर्ज करवा सकता है। आपत्ति दर्ज करने के लिए अभ्यर्थियों को दावों के समर्थन में प्रमाणित तथ्य भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने दो विकल्प दिए हैं। अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से या कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय के 'प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा' में संपर्क कर सकते हैं।पांच अप्रैल के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

HIMACH
(E-te
Online tender in two part bido
prescribed form from the eligible manufactur

Divya Himachal 31-03-2026

# शिक्षा बोर्ड ने जारी की 10वीं 12वीं परीक्षा की उत्तर कुंजियां

दिव्य हिमाचल ब्यूरो – धर्मशाला

■ बोर्ड अध्यक्ष बोले, आपत्ति होने पर पांच तक दर्ज करें दावा

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। बोर्ड के इस निर्णय से अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही अपने बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) के उत्तरों का मिलान कर सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। इस त्वरित प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों का अवलोकन करने और अपने प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है, तो वे पांच अप्रैल तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने दावों के समर्थन में प्रमाणित तथ्य प्रूफ भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने दो विकल्प दिए हैं, अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से या कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय के प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा में संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

Himachal Dastak 31-03-2026

# 10वीं-12वीं की उत्तर कुंजियां जारी

# आपत्ति होने पर 5 तक दर्ज करें दावा

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं।

बोर्ड के इस निर्णय से अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही अपने बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। इस त्वरित प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों का अवलोकन करने और अपने प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है। यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है, तो वे 5 अप्रैल 2026 तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने दावों के समर्थन में प्रमाणित तथ्य भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने दो विकल्प दिए हैं। अभ्यर्थी ई-मेल के माध्यम से या कार्य दिवसों में व्यक्ति गत रूप से बोर्ड कार्यालय के प्रश्नपत्र निर्धारण शाखा में संपर्क कर सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि (5 अप्रैल) के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रस्तुत की गई आपत्तियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी। जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

Anant Gyan 31-03-2026

# बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की उत्तर कुंजियां की जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। इस पहल से छात्र परिणाम से पहले ही बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों का मिलान कर अपने प्रदर्शन का आकलन कर सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी पर आपत्ति है, तो वह 5 अप्रैल 2026 तक प्रमाण सहित अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद या बिना ठोस प्रमाण के भेजी गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**◆ उत्तरों पर आपत्ति है तो 5 अप्रैल तक दर्ज करें अपना दावा**

Dainik Bhaskar 31-03-2026

# 10वीं और 12वीं कक्षा की प्रोविजनल आंसर-की जारी

**धर्मशाला**| प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बोर्ड प्रशासन ने 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां (प्रोविजनल आंसर-की) आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विषय की परीक्षा संपन्न होने के महज 24 से 48 घंटे के भीतर उत्तर कुंजी वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी किए उत्तरों पर किसी भी प्रकार का संदेह या आपत्ति है, तो वे आगामी 5 अप्रैल तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्ति दर्ज करवाते समय अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में तथ्य और साक्ष्य भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने ईमेल आईडी hpbosesopapersetting.43@gmail.com जारी की है।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
30 मार्च, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड : 10वीं-12वीं की उत्तर कुंजियां जारी

## उत्तरों पर आपत्ति है तो 5 अप्रैल तक दर्ज करें अपना दावा



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के सभी विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां (Provisional Answer Keys) जारी कर दी हैं। बोर्ड के इस निर्णय से अब छात्र परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले ही अपने बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के उत्तरों का मिलान कर सकेंगे।

### परीक्षा के 48 घंटे के भीतर वेबसाइट पर उत्तर कुंजियां उपलब्ध

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक परीक्षा के संपन्न होने के 24 से 48 घंटे के भीतर संबंधित विषय की उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड की जा रही है। इस त्वरित प्रक्रिया का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पारदर्शी ढंग से उत्तरों का अवलोकन करने और अपने प्रदर्शन का आकलन करने का अवसर प्रदान करना है।

### 5 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज कराने का सुनहरा अवसर

यदि किसी अभ्यर्थी को बोर्ड द्वारा जारी उत्तरों के संबंध में कोई संदेह या आपत्ति है, तो वे 05 अप्रैल 2026 तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने दावों के समर्थन में प्रमाणित तथ्य (Proof) भी प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए बोर्ड ने दो विकल्प दिए हैं : अभ्यर्थी ई-मेल (hpbosesopaperset-ting.yx@gmail.com) के माध्यम से या कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय के 'प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा' में संपर्क कर सकते हैं।

विशेष नोट : बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि (5 अप्रैल) के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रस्तुत की गई आपत्तियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी।

### अस्थायी कुंजी ही बनेगी परिणाम का आधार

डॉ. शर्मा ने आगे बताया कि यदि निर्धारित समयावधि (5 अप्रैल) तक किसी विषय की उत्तर कुंजी के विरुद्ध कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो संबंधित अस्थायी उत्तर कुंजी को ही 'अंतिम उत्तर कुंजी' (Final Answer Key) मान लिया जाएगा। इसी अंतिम कुंजी के आधार पर ही छात्रों के परीक्षा परिणाम तैयार किए जाएंगे


### सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर

किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

# HPBOSE: Class 10 and 12 answer keys released

**SANJAY AGGARWAL**
**DHARAMSHALA, MAR 30**

Taking a significant step towards transparency, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has released the provisional answer keys for all subjects of the Class 10 and 12 annual examinations. With this decision by the Board, students will now be able to cross-check their answers to Multiple Choice Questions (MCQs) even before the examination results are officially declared. Providing this information, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma stated that, for the convenience of examinees, the answer key for each respective subject is being uploaded to the official



website—www.hpbose.org—within 24 to 48 hours of the completion of each examination. The objective of this expedited process is to provide candidates with the opportunity to review the answers in a transparent manner and assess their own performance. If any candidate has doubts or objections regarding the answers released by the Board, they may register their grievances by April 5, 2026. To register objections, candidates are required to submit supporting evidence or certified facts to substantiate their claims. For this purpose, the Board has provided two options: candidates may contact the Board either via email (hpbosesopapersetting.43@gmail.com) or by visiting the 'Question Paper Setting Branch' at the Board's office in person during working days. The Board has clarified that no objection received after the stipulated deadline (April 5) will be entertained. Furthermore, any objection submitted without concrete evidence will be summarily rejected.

31 March , 2026 Tuesday Dharamshala

The Sunny Times

# BEFORE RESULTS GO FINAL, HP BOARD LETS STUDENTS QUESTION THE ANSWERS

**Sunny Mahajan I Dharamshala**

In a decisive move to champion transparency and silence the whispers of uncertainty, the Himachal Pradesh Board of School Education has officially released the provisional answer keys for the Class 10 and 12 annual examinations. This progressive initiative serves as a beacon of clarity, allowing students to verify their responses to multiple-choice questions well before the final results are etched in stone. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma emphasized that the board is pulling out all the stops to assist examinees by ensuring that subject-specific answer keys are uploaded to the official website within a tight window of 24 to 48 hours post-examination. By taking the bull by the horns, the board aims to empower students with the tools necessary to gauge their academic performance in real-time, proving that being forewarned is indeed being forearmed.



However, the board is not merely presenting a final verdict but is inviting a vital dialogue. Should a student spot a discrepancy or feel that a mistake has crept into the key, they have the opportunity to set the record straight, provided they do so by the deadline of April 5, 2026. Because extraordinary claims require extraordinary evidence, any objection must be backed by solid proof to be considered valid. Students may voice their concerns via email or by visiting the Paper Setting Branch at the Board Headquarters in person. The HPBOSE has made it crystal clear that time and tide wait for no man; hence, any grievances submitted after the cutoff or those lacking documentary evidence will be dismissed out of hand to maintain the sanctity of the process.

If no valid objections are raised by the stipulated deadline, these provisional keys will be treated as the gospel truth and will serve as the definitive blueprint for evaluating answer scripts. For those who find themselves in a quandary or require further clarification, the board has opened a dedicated lifeline through its helpline at 01892-242134. Ultimately, this level of transparency ensures that for the hardworking students of Himachal Pradesh, honesty remains the best policy and their hard work will find its fair and accurate reward.